



# अध्याय 18

# विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति

विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति से तात्पर्य किसी घटना, विषय-वस्तु तथा तथ्यों को स्वीकार करने से पहले इनके गुणों और दोषों के विषय में चिन्तन करने से है। इसके अन्तर्गत किसी समस्या के समाधान हेतु दिए गए तथ्यों का भली-भाँति विश्लेषण किया जाता है।

## न्याय निगमन

अनुमान पर आधारित तर्क करना अर्थात् दिए गए दो-या-दो से अधिक कथनों के आधार पर तर्कसंगत रूप से निष्कर्ष पर पहुँचना ही न्याय कहलाता है। इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ कथन देकर उसके नीचे दो-या-दो से अधिक निष्कर्ष दिए जाते हैं। इन्हीं कथनों को सत्य मानते हुए चाहे वे सर्वज्ञात तथ्यों एवं मान्यताओं से परे ही क्यों न हों, तर्कसंगत रूप से निष्कर्ष पर पहुँचना होता है।

| तर्क वाक्य के प्रकार | वेन आरेख के प्रकार |
|---|---|
| सभी S, P हैं (A) | केवल एक प्रकार का ही वेन आरेख होगा कथन के अनुसार, सभी S, P हैं। अत: S, P के अन्दर होना चाहिए अर्थात् P का आरेख S को समाहित किए होना चाहिए।   |
| कोई S,P नहीं है (E) | कथन के अनुसार, कोई S, P नहीं है। अत: वेन आरेख का कोई भी भाग छायांकित नहीं होगा।   |
| कुछ S,P हैं (I) | कुछ S, P हैं क्योंकि S का कुछ भाग P को दर्शा रहा है। (सभी P, S हैं।)   |
| कुछ S, P नहीं हैं (O) | कुछ S,P नहीं हैं।   (कुछ S, P हैं।) (सभी P, S हैं।) (कोई S, P नहीं है।) |

न्याय निगमन पर आधारित प्रश्नों को सुगमतापूर्वक हल करने हेतु आवश्यक है कि तार्किक कथन की अवधारणा की भली-भाँति जानकारी हो, *तार्किक कथन प्राय: दो प्रकार के होते हैं*

1. सर्वव्यापी कथन  2. अंशव्यापी कथन

1. **सर्वव्यापी कथन** ऐसे कथन जिनमें सम्पूर्ण बात उद्देश्य के विषय में कही जाए, सर्वव्यापी कथन कहलाते हैं। *ये दो प्रकार के होते हैं*

   (i) **सर्वव्यापी सकारात्मक कथन** (A) ऐसा वाक्य जो सभी, सदा, प्रत्येक, सब, हर एक आदि शब्दों से शुरू हो, सर्वव्यापी सकारात्मक कथन कहलाता है।
   **जैसे** सभी वस्तुएँ निर्जीव हैं।

   (ii) **सर्वव्यापी नकारात्मक कथन** (E) ऐसा वाक्य जो कोई नहीं, एक भी नहीं आदि शब्दों से शुरू हो, सर्वव्यापी नकारात्मक कथन कहलाता है।
   **जैसे** कोई भी वस्तु सजीव नहीं है।

2. **अंशव्यापी कथन** ऐसे कथन जिनमें उद्देश्य के कुछ अंश के विषय में कहा जाए, अंशव्यापी कथन कहलाते हैं।
   *ये दो प्रकार के होते हैं*

   (i) **अंशव्यापी सकारात्मक** (I) ऐसा वाक्य जो कुछ, अनेक, बड़ी संख्या में, बहुत, अधिकतर आदि शब्दों से शुरू हो, अंशव्यापी सकारात्मक कथन कहलाता है।
   **जैसे** कुछ आदमी पॉकेटमार हैं।

   (ii) **अंशव्यापी नकारात्मक** (O) ऐसा वाक्य जिनमें 'कुछ नहीं' का प्रयोग हो अंशव्यापी नकारात्मक कथन कहलाता है।
   **जैसे** कुछ आदमी ईमानदार नहीं हैं।


**उदाहरण 1** प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिसके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गए हैं। आपको मानना है कि दोनों कथन सत्य हैं चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निश्चित रूप से कथन द्वारा सही निकाला जा सकता है/सकते हैं, यदि कोई हो?

**कथन** सारा गेहूँ अनाज है।
कुछ गेहूँ आटा है।

**निष्कर्ष**
I. कुछ अनाज आटा है।
II. कुछ आटा गेहूँ है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं
(d) न तो निष्कर्ष I सही है और ना ही II

**हल** *(c)* कथनानुसार,




निष्कर्ष I. ✓
II. ✓

अत: उपरोक्त से स्पष्ट है कि दोनों कथन निकलते हैं।

## कथन एवं निष्कर्ष

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में एक या दो कथन देकर उसके नीचे कुछ निष्कर्ष दिए जाते हैं। प्रश्न में दिए गए कथन के सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए तार्किक विश्लेषण एवं सर्वमान्य स्वीकार्यता के आधार पर वैध निष्कर्ष निकालना होता है।

कथन एवं निष्कर्ष पर आधारित प्रश्नों को हल करने हेतु यह आवश्यक है कि परीक्षार्थी सर्वप्रथम कथन का भली-भाँति परीक्षण करें, तत्पश्चात् ही निष्कर्ष को कथन के परिवेश से बाहर न जाते हुए निकालें।

**उदाहरण 2** आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निष्कर्ष निश्चित रूप से सही निकाला जा सकता है?

**कथन**

पौष्टिक भोजन स्वादिष्ट और स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। शहद पौष्टिक है।

**निष्कर्ष**

I. शहद स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

II. स्वादिष्ट भोजन पौष्टिक होता है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) ना तो निष्कर्ष I सही है और ना ही निष्कर्ष II सही है
(d) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं

***हल*** *(a)* केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। शहद पौष्टिक है। अतः शहद स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

## कथन एवं पूर्वानुमान

प्रत्यक्ष के आधार पर अप्रत्यक्ष के ज्ञान को 'पूर्वानुमान' कहते हैं। इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में एक वक्तव्य देकर उसके नीचे दो-या-दो से अधिक पूर्वानुमान दिए होते हैं। वक्तव्य को सत्य मानते हुए चाहे वह सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न ही क्यों ना हो आपको निर्णय करना होता है कि दिए गए अनुमानों/पूर्वानुमानों में से कौन-सा पूर्वानुमान कथन में अन्तर्निहित है।

कथन एवं पूर्वानुमान से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण तथ्य निम्नलिखित हैं

- कोई भी पूर्वानुमान कथन के आधार पर निकाला गया निष्कर्ष हो, तो वह मान्य नहीं होगा।
- यदि किसी भी पूर्वानुमान में कथन की पुनरावृत्ति हुई हो, तो वह मान्य नहीं होगा।
- यदि कोई भी पूर्वानुमान सुधार, परामर्श, सलाह, लाभदायक प्रभाव व परिणाम को प्रदर्शित करता है, तो वह पूर्वानुमान मान्य होगा।
- यदि कोई पूर्वानुमान विज्ञापन से सम्बन्धित हो, तो वह मान्य होगा।
- एक कथन के एक से अधिक पूर्वानुमान निकाले जा सकते हैं।

**उदाहरण 3** इस प्रश्न में एक कथन तथा उसके पश्चात् दो पूर्वधारणाएँ I तथा II दी गई हैं। आपको दिए गए कथन को सत्य मानना है, भले ही वह सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो। आपको निर्णय करना है कि दिए कथन के आधार पर कौन-सी पूर्वधारणा तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करती है।

**कथन** सम्मेलन में केवल अच्छे गायकों को ही निमन्त्रित किया गया है। मधुर आवाज के बिना कोई भी अच्छा गायक नहीं है।

**पूर्वधारणा I** सम्मेलन में आमन्त्रित सभी गायकों की आवाज मधुर है।

**पूर्वधारणा II** वह गायक, जिनकी आवाज मधुर नहीं है, को सम्मेलन में आमन्त्रित नहीं किया गया है।

(a) केवल पूर्वधारणा I अनुसरण करती है
(b) न तो पूर्वधारणा I और न ही II अनुसरण करती है
(c) दोनों पूर्वधारणाएँ I तथा II अनुसरण करती हैं
(d) केवल पूर्वधारणा II अनुसरण करती है

**हल** *(c)* दिए गए कथन के आधार पर कहा जा सकता है कि दोनों पूर्वधारणाएँ I तथा II अनुसरण करती हैं।

# अभ्यास के लिए प्रश्न

## न्याय निगमन

**निर्देश** (प्र.सं.1-5) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं।*

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) या तो I या II अनुसरण करता है
(d) न तो I न ही II अनुसरण करता है

**1. कथन** सभी मछलियाँ पक्षी हैं।
कुछ मुर्गियाँ मछलियाँ हैं।

**निष्कर्ष** I कुछ मुर्गियाँ पक्षी हैं।
II कोई पक्षी मुर्गी नहीं है।

**2. कथन** कुछ जूते कोट हैं।
कुछ कोट बटन हैं।

**निष्कर्ष** I कोई बटन जूता नहीं है।
II कुछ बटन कोट हैं।

**3. कथन** सभी चमगादड़ लड़के हैं।
सभी लड़के दस्ताने हैं।

**निष्कर्ष** I कुछ दस्ताने चमगादड़ हैं।
II सभी दस्ताने लड़के हैं।

**4. कथन** सभी पिल्ले बाघ हैं।
सभी बिलौटे बाघ हैं।

**निष्कर्ष** I सभी पिल्ले बिलौटे हैं।
II कुछ बाघ पिल्ले हैं।

**5. कथन** कुछ डॉक्टर नर्स हैं।
सभी नर्स रोगी हैं।

**निष्कर्ष** I सभी डॉक्टर रोगी हैं।
II कुछ रोगी डॉक्टर हैं।

**निर्देश** (प्र.सं. 6-10) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो या तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको दिए गए दोनों/तीनों कथनों को सत्य मानकर उचित निष्कर्ष निकालना है।*

**6. कथन** कुछ किताबें कॉपी हैं।
सभी कॉपी पेन हैं।

**निष्कर्ष** I सभी कॉपी किताब हैं।
II सभी पेन कॉपी हैं।
III कुछ किताबें पेन हैं।

(a) केवल III
(b) II एवं III
(c) a व b दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**7. कथन** सभी गिलास कप हैं।
सभी कप बर्तन हैं।

**निष्कर्ष** I कुछ बर्तन गिलास हैं।
II सभी बर्तन कप हैं।
III कुछ कप गिलास नहीं हैं।

(a) केवल I
(b) I एवं III
(c) केवल II
(d) उपरोक्त सभी

**8. कथन** सभी फूल पत्ती हैं।
कुछ फूल गुलाब हैं।
**निष्कर्ष** I कुछ पत्ती गुलाब हैं।
II सभी गुलाब फूल हैं।
III कोई गुलाब पत्ती नहीं हैं।
(a) I एवं III (b) केवल I
(c) केवल III (d) ये सभी

**9. कथन** कुछ टेबलेट जग हैं।
कुछ जग मटके हैं।
सभी मटके प्लेटें हैं।
**निष्कर्ष** I कुछ प्लेटें जग हैं।
II कुछ मटके टेबलेट हैं।
III कुछ प्लेटें टेबलेट हैं।
(a) कोई अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) केवल III अनुसरण करता है

**10. कथन** सभी कुर्सियाँ रिंग हैं।
कुछ रिंग छड़ियाँ हैं।
सभी छड़ियाँ शाखाएं हैं।
**निष्कर्ष** I कुछ शाखाएँ कुर्सियाँ हैं।
II कुछ शाखाएँ रिंग हैं।
III कुछ छड़ियाँ कुर्सियाँ हैं।
(a) कोई अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) केवल III अनुसरण करता है

## कथन एवं निष्कर्ष

**निर्देश** (प्र.सं. 11-18) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन दिया गया है और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य समझना है और फिर उस पर आधारित दोनों निष्कर्षों पर विचार करना है और तय करना है कि कौन-सा निष्कर्ष उस कथन के आधार पर निश्चित रूप से निकाला जा सकता है।*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) न तो I और न ही II निकलता है
(d) I और II दोनों निकलते हैं

**11. कथन** एम. ए. (सोशल वर्क) में प्रवेश हेतु समिति उत्कृष्ट छात्रों के मामले में सामाजिक कार्य का पूर्व अनुभव होने की शर्त माफ कर सकती है।
**निष्कर्ष** I एम. ए. (सोशल वर्क) के कुछ छात्रों को सामाजिक कार्य का पूर्व अनुभव होगा।
II एम. ए.(सोशल वर्क) के कुछ छात्रों को सामाजिक कार्य का पूर्व अनुभव नहीं होगा।

**12. कथन** नैतिकता और शील की अवधारणाओं का बलिदान किए बिना इस दुनिया में रह पाना और समृद्ध होना लगभग असम्भव है।
**निष्कर्ष** I विश्व कुछ धारणाओं की केवल सराहना करता है, लेकिन उन्हें आत्मसात नहीं कर पाता है।
II नैतिकता और शील की अवधारणाएँ जीवन में व्यवहार्य नहीं है।

**13. कथन** हो सकता है कि आप अपने अधिकारी के प्रति निष्ठावान न हों, पर आप उसके प्रति निष्ठावान होने का अहसास तो करा ही सकते हैं।
**निष्कर्ष** I अधिकारी के प्रति निष्ठा महत्त्वपूर्ण मानी जाती है।
II कुछ लोग अपने अधिकारी को खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

**14. कथन** पठन पाठन में रुचि जगाने के लिए स्कूल ने जून 2013 से यह अनिवार्य बना दिया है कि हर छात्र हर सप्ताह 2 किताबें पढ़े और पुस्तकों पर साप्ताहिक रिपोर्ट दें।
**निष्कर्ष** I बलपूर्वक पढ़ने में रुचि जगाई जा सकती है।
II कुछ छात्र कालान्तर में पढ़ने में रुचि विकसित कर लेंगे।

**15. कथन** भूतकालिक व्यवहारों से पृथक् आधुनिक मनुष्य अपनी रुचियों के आधार पर अपना भाग्य स्वयं गढ़ता है।
**निष्कर्ष** I पहले मनुष्य के सामने थोड़े से विकल्प ही हुआ करते थे।
II भूतकाल में भाग्य को प्रभावित करने की इच्छा नहीं रहा करती थी।

**16. कथन** स्कूल में कोई भी छात्र जो उचित ढंग से व्यवहार नहीं करता वह अपना नाम तो बदनाम करता ही है, स्कूल को भी बदनाम करता है।
**निष्कर्ष** I ऐसे छात्रों को स्कूल से हटा दिया जाना चाहिए।
II कठोर अनुशासन छात्रों के व्यवहार में सुधार नहीं लाता है।

**17. कथन** कम्प्यूटरों के आ जाने से अब हमारा संगठन व्यक्तिनिष्ठ ग्राहक सेवा पर अच्छी तरह से ध्यान दे सकेगा।
**निष्कर्ष** I कम्प्यूटरीकरण मात्र ही इस समय की पुकार है।
II कम्प्यूटरीकरण के बगैर व्यक्तिनिष्ठ ग्राहक सेवा सम्भव नहीं थी।

**18. कथन** कम्पनी X ने उत्पादन का विपणन किया है। यदि मूल्य और गुणवत्ता आपकी पहल है, तो आगे बढ़कर उसे खरीद सकते हैं।
**निष्कर्ष** I उत्पादन व गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए।
II उत्पादन का मूल्य तर्कसंगत होना चाहिए।

## कथन एवं पूर्वानुमान

**निर्देश** (प्र.सं. 19-26) *निम्नलिखित प्रश्नों में एक कथन दिया गया है, जिसके आगे दो पूर्वानुमान I और II निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य है चाहे वह सामान्यतया ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए पूर्वानुमानों में से कौन-सा निश्चित रूप से कथन में अन्तर्निहित है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।*

**उत्तर दीजिए**
(a) केवल I अन्तर्निहित है
(b) केवल II अन्तर्निहित है
(c) I व II दोनों ही अन्तर्निहित हैं
(d) न I और न ही II अन्तर्निहित है

**19. कथन** अयोध्या का विवाद 350 वर्षीय पृष्ठभूमि वाला है जो अल्पकाल में हल नहीं हो सकता।
**पूर्वानुमान**
I. अयोध्या के विषय में कुछ समस्याएँ हैं।
II. समस्या के हल में लम्बा समय लगेगा।

**20. कथन** मैं जब भी परेशानी में होता हूँ, प्रभु का स्मरण करता हूँ।
**पूर्वानुमान**
I. प्रार्थना से समस्याएँ हल हो सकती हैं।
II. मनुष्य का परम कर्त्तव्य, प्रभु की प्रार्थना है।

**21. कथन** किसी शिक्षित व्यक्ति के जीवन-मूल्य, अशिक्षित व्यक्ति से भिन्न होंगे।
**पूर्वानुमान**
I. शिक्षा का प्रभाव किसी व्यक्ति के जीवन मूल्यों पर पड़ता है।
II. एक अशिक्षित व्यक्ति के कोई मूल्य नहीं होंगे।

**22. कथन** भारत में निर्वाह व्यय में वृद्धि हुई है।
**पूर्वानुमान**
I. पिछले कुछ समय में आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि हुई है।
II. बहुत-सी आराम की वस्तुएँ अब देश में अधिक मात्रा में उपलब्ध हैं।

**23. कथन** वर्तमान आर्थिक कठिनाई के समय में, शिक्षा तथा छोटे परिवार का आदर्श ही राष्ट्र को उन्नति दिला सकते हैं।

**पूर्वानुमान**

I. शिक्षा एवं छोटे परिवार के आदर्श प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र की उन्नति के साथ जुड़े हुए हैं।

II. बड़े परिवारों के लिए शिक्षा का खर्चा उठाना कठिन है।

**24. कथन** विवाह दर लगातार गिरते जाने का कारण है अपनी अलग पहचान बनाए रखने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

**पूर्वानुमान**

I. शादी होने पर व्यक्ति की निजी पहचान खत्म हो जाती है।

II. विवाहित व्यक्ति उतने सन्तुष्ट नहीं होते जितने कि अविवाहित।

**25. कथन** यदि सरकार ही भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कार्यवाही करेगी तभी हमारा देश समृद्धि की ओर बढ़ेगा।

**पूर्वानुमान**

I. सरकार भ्रष्ट लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर सकती है।

II. भ्रष्टाचार देश को समृद्धि की ओर बढ़ने में बाधा डालता है।

**26. कथन** यदि अभियन्ता बनना सरल है, तो मैं अभियन्ता नहीं बनना चाहता।

**पूर्वानुमान**

I. व्यक्ति की अभिलाषा एक व्यवसायी बनने की होती है।

II. व्यक्ति की इच्छा कठिन लक्ष्य को प्राप्त करने की होती है।

## विगत् वर्षों के प्रश्न

**27.** दो कथन दिए गए हैं जिसके बाद दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य है चाह वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता है। आपको निर्णय करना है कि दिए गए कथन में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए। **[SSC कांस्टेबल, 2015]**

**कथन** सभी बच्चे विद्यार्थी हैं। सभी विद्यार्थी खिलाड़ी हैं।

**निष्कर्ष** I. सभी क्रिकेट खिलाड़ी विद्यार्थी हैं।
II. सभी बच्चे खिलाड़ी हैं।

(a) केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(b) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते है।
(c) ना तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है
(d) केवल निष्कर्ष I निकलता है।

***निर्देश*** (प्र. सं. 28) *नीचे एक कथन दिया गया है, जिसके आगे तीन निष्कर्ष I, II और III निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथन पर निश्चित रूप से सही लागू होता है।* **[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**28. कथन** हास्य (कॉमिक) पुस्तकों में चित्र होते हैं।

**निष्कर्ष** I. सभी पुस्तकों में चित्र होते हैं।
II. पुस्तकों में चित्र हो भी सकते हैं या नहीं भी हो सकते हैं।
III. हास्य पुस्तकों से भिन्न पुस्तकों में चित्र नहीं होते।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं
(d) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता

***निर्देश*** (प्र. सं. 29 और 30) *दो कथनों के आगे दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको कथनों को सत्य मानकर विचार करना है। चाहे, वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, यदि कोई हो, निश्चित रूप से कथनों के आधार पर निकाला जा सकता है? अपना उत्तर निर्दिष्ट करें।* **[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**उत्तर दीजिए**

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I न ही II निकलता है

**29. कथन** सभी खिलाड़ी शिक्षित हैं।
सभी शिक्षित व्यक्ति सभ्य हैं।

**निष्कर्ष** I. सभी खिलाड़ी सभ्य हैं।
II. सभी सभ्य व्यक्ति खिलाड़ी हैं।

**30. कथन** सभी जानवर कुत्ते हैं।
सभी कुत्ते पक्षी हैं।


**निष्कर्ष** I. सभी जानवर पक्षी हैं।
II. सभी पक्षी जानवर हैं

### उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (a) | 2 | (b) | 3 | (a) | 4 | (b) | 5 | (b) |
| 6 | (a) | 7 | (a) | 8 | (b) | 9 | (b) | 10 | (c) |
| 11 | (d) | 12 | (b) | 13 | (a) | 14 | (c) | 15 | (b) |
| 16 | (c) | 17 | (c) | 18 | (d) | 19 | (c) | 20 | (d) |
| 21 | (a) | 22 | (c) | 23 | (a) | 24 | (a) | 25 | (c) |
| 26 | (b) | 27 | (a) | 28 | (b) | 29 | (a) | 30 | (a) |


# संकेत एवं हल

**1.** (a)





अत: केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**2.** (b)





अत: केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**3.** (a)





अत: केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**4.** (b)





अत: केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**5.** (b)





अत: केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**6.** (a)





अत: केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

**7.** (a)





अत: केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**8.** (b)





अत: केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**9.** (b)




अत: केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**10.** (c)




अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**11.** (d) कथन से यह स्पष्ट है कि सामाजिक कार्य का अनुभव होने की शर्त को माफ किया जा सकता है अतः कुछ छात्रों को सामाजिक कार्य का अनुभव होगा जबकि कुछ को नहीं।

अतः निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं।

**12.** (b) कथन से यह बात झलकती है कि नैतिकता और शील की अवधारणाएँ जीवन में व्यवहार्य नहीं हैं और इसलिए इन्हें छोड़कर ही समृद्ध हुआ जा सकता है तथा इस दुनिया में रहा जा सकता है, जबकि कथन से निष्कर्ष I नहीं निकलता है।

**13.** (a) कथन से यह स्पष्ट है कि अधिकारी के प्रति निष्ठा महत्त्वपूर्ण मानी जाती है, अतः केवल निष्कर्ष I निकलता है।

**14.** (c) कथन से न तो यह पता चलता है कि बलपूर्वक पढ़ाई की रुचि जगाई जा सकती है और न ही यह कि कुछ छात्र कालान्तर में पढ़ने में रुचि विकसित कर लेंगे, न तो I और न ही II निकालता है।

**15.** (b) निष्कर्ष I के बारे में कथन से अनुमान नहीं लगाया जा सकता है क्योंकि कथन में इच्छा की बात कही गई है न कि विकल्पों की। निष्कर्ष II कथन से सीधा सम्बन्धित है।

**16.** (c) कथन से न ही यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उचित ढंग से व्यवहार न करने वाले छात्रों को हटा दिया जाना चाहिए और न ही यह कि कठोर अनुशासन छात्रों के व्यवहार में सुधार नहीं लाता है।

**17.** (c) कथनानुसार, न तो निष्कर्ष I न ही निष्कर्ष II निकाला जा सकता है।

**18.** (d) कथन में मूल्य और गुणवत्ता दोनों को महत्त्वपूर्ण बताया गया है। अतः कथन से दोनों निष्कर्ष निकलेंगे।

**19.** (c) दिए गए कथन में दोनों पूर्वानुमान अन्तर्निहित हैं। चूँकि विवाद 350 वर्ष लम्बा है अतः कुछ समस्याएँ ऐसी हैं जिनका हल लम्बा होता है।

**20.** (d) समस्याएँ प्रयास करने से हल होती हैं न कि प्रार्थना मात्र से एवं प्रभु प्रार्थना मानव का परम पुनीत कर्त्तव्य अवश्य है परन्तु इस कथन से दिए गए कथन को निकालने में मदद नहीं मिलती है अतः न पूर्वानुमान I और न ही II प्रदत्त कथन में अन्तर्निहित है।

**21.** (a) शिक्षा का प्रभाव व्यक्ति के जीवन मूल्यों पर अवश्य पड़ता है परन्तु अशिक्षित व्यक्ति के कोई जीवन मूल्य नहीं होंगे ऐसा कहना अनुचित है एवं प्रदत्त कथन से साम्य स्थापित कर पाने में असमर्थ है अतः प्रदत्त कथन में मात्र पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है।

**22.** (c) निर्वाह व्यय से यहाँ तात्पर्य किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं पर जीवन निर्वाह हेतु किए गए औसत व्यय से है। निर्वाह व्यय की वृद्धि में मूल्य वृद्धि एवं वस्तुओं की सहज उपलब्धता दोनों महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं अतः प्रदत्त कथन में पूर्वानुमान I एवं II दोनों ही अन्तर्निहित हैं।


**23.** (a) पूर्वानुमान I से प्रदत्त कथन स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है परन्तु पूर्वानुमान II की विषयवस्तु का प्रतिबिम्ब प्रदत्त कथन में स्पष्ट रूप से नहीं हो रहा है।

**24.** (a) विवाह पश्चात् व्यक्ति की निजी पहचान समाप्त हो जाती है ऐसा प्रदत्त कथन में स्पष्ट रूप से उल्लिखित है परन्तु विवाहित या अविवाहित व्यक्ति से सन्तुष्टि के सन्दर्भ में कथन में जानकारी का अभाव है। अतः मात्र पूर्वानुमान I ही प्रदत्त कथन में अन्तर्निहित है।

**25.** (c) स्पष्टतः दोनों पूर्वानुमान कथन में निहित हैं। भ्रष्ट लोगों के विरुद्ध सरकार ही कार्यवाही कर सकती है। भ्रष्टाचार से प्रगति बाधित होती है।

**26.** (b) सरल होने के कारण अभियन्ता बनने की अनिच्छा व्यक्ति के कठिन लक्ष्य को प्राप्त करने की इच्छा का परिचायक है अतः पूर्वानुमान II कथन में अन्तर्निहित है।

**27.** (a) कथनानुसार,





निष्कर्ष I. × II. ✓

उपरोक्त से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II निकलता है।

**28.** (b) कथनानुसार, केवल निष्कर्ष II निकलता है।


**29.** (a) कथनानुसार,




निष्कर्ष I. ✓ II. ×

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I निकलता है।

**30.** (a) कथनानुसार,




निष्कर्ष I. ✓ II. ×

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I निकलता है।